# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।

**मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601**

**e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com**


**पत्रांक** 1425 / JJM / 70 **दिनाँक–** 13-05-2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी महोदय,
**जनपद– बदायूँ।**

**विषय– दिनाँक– 13.05.2026 को अमर उजाला समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 13.05.2026 को अमर उजाला में प्रकाशित समाचार **"जल जीवन मिशन के नाम पर खोदकर छोड़ी सड़कें... जलापूर्ति अब तक नहीं"** के सम्बन्ध में योजनावार विवरण निम्नानुसार हैः–

**1– विकास खण्ड– आसफपुर की परमानन्दपुर पेयजल योजनाः–** परमानन्दपुर पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**2– विकास खण्ड– आसफपुर की ओरछी पेयजल योजनाः–** ओरछी पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है एवं अवर जलाशय के वॉटम डोम की (स्टील वाइंडिंग) का कार्य प्रगति पर है। उक्त पेयजल योजना में 10.30 कि0मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 8.60 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है एवं बिछाई गई पाइप लाइन के सापेक्ष 5.16 कि0मी0 सड़क तोड़ी गई है, जिसके सापेक्ष 3.22 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा सड़क पुर्नस्थापना के शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जाएगा। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि पूर्व में उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण वर्तमान में पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**3– विकास खण्ड– आसफपुर की खेड़ादास पेयजल योजनाः–** खेड़ादास पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु मेन लाइन एवं ग्राम के कुछ स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण वर्तमान में पेयजलापूर्ति बाधित है। पाइप लाइन की लीकेज मरम्मत कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, जिसकी मरम्मत तीन से चार दिन में कराते हुए नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जाएगी।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।
**मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601**

**e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com**


**4– विकास खण्ड– आसफपुर की सिसरका पेयजल योजनाः–** सिसरका पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन, सड़क पुर्नस्थापना एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**4– विकास खण्ड– इस्लामनगर की बझेड़ा नूतन पेयजल योजनाः–** बझेड़ा नूतन पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है तथा अवर जलाशय का कार्य धनराशि आवंटित नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है, जिसको पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(अमित कुमार वर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
7– मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेस (TPI Agency) बदायूँ।

**अधिशासी अभियन्ता**

# जल जीवन मिशन के नाम पर खोदकर छोड़ीं सड़कें... जलापूर्ति अब तक नहीं

## परमानंदपुर-सिसरका और खेड़ादास गांवों में हैंडपंप का पीला पानी पीने के लिए ग्रामीण मजबूर

संवाद न्यूज एजेंसी

ओरछी। जल जीवन मिशन के तहत ओरछी और बझेड़ा नूतन गांव में ओवरहेड टैंक अब तक बनकर तैयार नहीं हुए हैं, जबकि ओरछी में पाइपलाइन डालने के कारण सड़कें खुदी पड़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पैदल चलना मुश्किल है और मोटरसाइकिल से निकलना तो लगभग नामुमकिन हो गया है।

परमानंदपुर, सिसरका और खेड़ादास गांव में ओवरहेड टैंक बनकर तैयार है। पाइपलाइन भी बिछ चुकी है, लेकिन किसी भी घर में नल से पानी नहीं आ रहा। हैंडपंप का पानी पीला और दूषित है। ग्रामीणों का आरोप है कि ओरछी चौराहे पर स्थित 15 कोल्ड स्टोरेज और मटर प्लांटों का दूषित पानी जमीन में जा रहा है, जिससे


जल जीवन मिशन के तहत बना टैंक। संवाद

भूजल दूषित हो रहा है। इसी कारण हैंडपंप का पानी पीला आ रहा है। इससे ग्रामीण विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मजबूरी में पानी खरीदकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

परमानंदपुर निवासी तिलोकी ने हैंडपंप चलाकर दिखाया तो पीला पानी निकला, कुछ देर रखने पर पानी ऐसा लगने लगा जैसे उसमें होली का रंग मिला हो। अंकित गुप्ता ने लोहे की बाल्टी में पानी भरा तो बाल्टी भी पीली हो गई। भोजराज ने हथेली पर पानी रखा तो हथेली ही पीली पड़ गई। चरणसिंह उर्फ भगत जी ने बताया कि 100 फुट बोरिंग कराने पर भी पीला पानी निकला। अब जानवरों को पिलाने पर वे भी बीमार हो रहे हैं।

खेड़ादास गांव निवासी संजीव शर्मा और जयभगवान शर्मा ने बताया कि गांव में दो साल से ओवरहेड टैंक बनकर तैयार है, लेकिन पानी कब मिलेगा, किसी को नहीं पता। सड़कें तोड़कर छोड़ दी गई हैं, जिससे गिरते-पड़ते चलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### टंकी में मरे दो दर्जन बंदर, सफाई के बाद भी नहीं आया पानी

परमानंदपुर में टंकी बनकर तैयार है लेकिन चालू नहीं हुई है। पिछले साल करीब दो दर्जन बंदर टंकी में घुसकर निकल नहीं पाए और भूख-प्यास से मर गए। टंकी ऊंची और गांव से दूर होने के कारण महीनों तक बदबू नहीं आई। क्रिकेट की गेंद टंकी में गिरने पर शवों का पता चला। पुलिस और वन विभाग ने शव निकलवाकर सफाई कराई। इसके बाद भी टंकी से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी।

ओरछी, परमानंदपुर, खेड़ादास आदि गांवों में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में स्थानीय आधार पर कुछ दिक्कतें हैं। जल्द ही उन्हें दूर करके जलापूर्ति शुरू कराई जाएगी।

\- अमित कुमार वर्मा, ईई, जल निगम, बदायूं

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।

**मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601**

**e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com**


**पत्रांक** 1425 / JJM / 70 **दिनाँक–** 13-05-2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– **बदायूँ।**

**विषय–** <u>दिनाँक– **13.05.2026 को अमर उजाला समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**</u>

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 13.05.2026 को अमर उजाला में प्रकाशित समाचार **"जल जीवन मिशन के नाम पर खोदकर छोड़ी सड़कें... जलापूर्ति अब तक नहीं"** के सम्बन्ध में योजनावार विवरण निम्नानुसार हैः–

**1– विकास खण्ड– आसफपुर की परमानन्दपुर पेयजल योजनाः–** परमानन्दपुर पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**2– विकास खण्ड– आसफपुर की ओरछी पेयजल योजनाः–** ओरछी पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है एवं अवर जलाशय के वॉटम डोम की (स्टील वाइंडिंग) का कार्य प्रगति पर है। उक्त पेयजल योजना में 10.30 कि0मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 8.60 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है एवं बिछाई गई पाइप लाइन के सापेक्ष 5.16 कि0मी0 सड़क तोड़ी गई है, जिसके सापेक्ष 3.22 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा सड़क पुर्नस्थापना के शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जाएगा। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि पूर्व में उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण वर्तमान में पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**3– विकास खण्ड– आसफपुर की खेड़ादास पेयजल योजनाः–** खेड़ादास पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु मेन लाइन एवं ग्राम के कुछ स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण वर्तमान में पेयजलापूर्ति बाधित है। पाइप लाइन की लीकेज मरम्मत कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है, जिसकी मरम्मत तीन से चार दिन में कराते हुए नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जाएगी।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।
मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601

e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com


**4– विकास खण्ड– आसफपुर की सिसरका पेयजल योजनाः–** सिसरका पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक अवर जलाशय, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन, सड़क पुर्नस्थापना एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर तारों को तीन से चार दिन में ठीक कराकर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई जाएगी। **फोटोग्राफ संलग्न।**

**4– विकास खण्ड– इस्लामनगर की बझेड़ा नूतन पेयजल योजनाः–** बझेड़ा नूतन पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, गृह संयोजन एवं पेयजल पाइप लाइन का पूर्ण करा दिया गया है तथा अवर जलाशय का कार्य धनराशि आवंटित नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है, जिसको पूर्ण कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(अमित कुमार वर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
7– मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेस (TPI Agency) बदायूँ।

अधिशासी अभियन्ता

ग्राम पंचायत– परमानन्दपुर, विकास खण्ड– आसफपुर








ग्राम पंचायत– ओरछी, विकास खण्ड– आसफपुर



<u>ग्राम पंचायत– सिसरका, विकास खण्ड– आसफपुर</u>

